देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 05.01.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार, उत्तराखण्ड की मूल सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक समरसता और शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पबद्ध।
- राज्य की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए साइबर सर्विलांस और साइबर इंटेलिजेंस को विशेष महत्व दिया जाएगा।
- उत्तरकाशी के बंदरकोट में लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के लिए ग्रामोत्थान परियोजना के तहत वेब साइट इम्यूनिटी केंद्र का निर्माण किया जा रहा है।
- नैनीताल जिले में लगातार घने कोहरे और शीतलहर को देखते हुए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नौ जनवरी तक अवकाश घोषित।

<u>मुख्यमंत्री संबोधन</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार उत्तराखण्ड की मूल सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक समरसता और शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पबद्ध है। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने ये बात कही।

विशेष गहन पुनरीक्षण पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एस.आई.आर केवल मतदाता सूची तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य की विभिन्न योजनाओं की पारदर्शिता और वित्तीय प्रबंधन भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य में राशन कार्ड, आधार कार्ड और वोटर कार्ड के सत्यापन की प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है, जिसका उद्देश्य किसी विशेष वर्ग को लक्षित करना नहीं, बल्कि व्यवस्था को दुरुस्त करना है।

<u>पुलिस बैठक</u>

राज्य की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए साइबर सर्विलांस और साइबर इंटेलिजेंस को विशेष महत्व दिया जाएगा। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं।

देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में आंतरिक सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और ड्रग्स–फ्री देवभूमि मिशन को प्राथमिकता देते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक दक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर चर्चा की गई।

पुलिस महानिदेशक ने ए०टी०एस, ए०एन०टी०एफ और ट्रैफिक निदेशालय के पुनर्गठन पर भी जोर दिया। साथ ही ड्रग्स–फ्री उत्तराखण्ड के लक्ष्य को साकार करने के लिए एएनटीएफ को और सशक्त करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस मुख्यालय स्तर पर सभी अधिकारियों को अपने–अपने अनुभागों से जुड़े प्रस्तावों और प्राथमिकताओं के अनुसार समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गये और 31 मार्च से पहले बजट और वित्तीय मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया।

तैयारियां

हरिद्वार में अगले वर्ष आयोजित होने वाले अर्द्धकुंभ मेले के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हरिद्वार सनातन धर्म का एक पौराणिक केंद्र है और इसकी भव्यता, दिव्यता और पवित्रता को बनाए रखने के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचे को विकसित किया जा रहा है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाला कुंभ मेला ऐतिहासिक होगा और इसके सफल आयोजन के लिए सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है।

सुबोध उनियाल

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा है कि अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर सरकार का रुख पूरी तरह स्पष्ट है। यदि कोई विश्वसनीय साक्ष्य सामने आता है, तो सरकार जांच से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने बताया कि सामने आई ऑडियो क्लिप को फोरेंसिक जांच के लिए लैब भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

श्री उनियाल ने कहा कि सरकार इस मामले में पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

वेब साइट इम्यूनिटी केंद्र

उत्तरकाशी जिले के बंदरकोट में लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने की दिशा में ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना ग्रामोत्थान के तहत वेब साइट इम्यूनिटी केंद्र का निर्माण किया जा रहा है। लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहा यह केंद्र यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है, जहां स्थानीय उत्पादों, हस्तकला और रिंगाल से बने उत्पादों की बिक्री की जाएगी। इसके साथ ही यात्रियों को यहां गढ़ भोज भी उपलब्ध कराया जाएगा।

बंदरकोट में राणुकीगाड़ के किनारे चारधाम यात्रा के दौरान हर वर्ष बड़ी संख्या में यात्री ठहरते हैं। इसी को देखते हुए जिला प्रशासन ने वहां खाली पड़ी भूमि का उपयोग ग्रामोत्थान परियोजना के तहत करने का

निर्णय लिया। प्रशासन के निर्देश पर ग्रामोत्थान द्वारा दो मंजिला भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया है, जिसे वेब साइट इम्यूनिटी केंद्र का नाम दिया गया है।

इस केंद्र का उपयोग यात्रियों की सुविधा के साथ–साथ लोकल फॉर वोकल के तहत स्थानीय उत्पादों की बिक्री और उनके प्रचार–प्रसार के लिए किया जाएगा। ग्रामोत्थान के परियोजना प्रबंधक ने बताया कि भवन के निचले तल में स्थानीय उत्पादों, हस्तकला और रिंगाल से बने उत्पादों के लिए दुकानें उपलब्ध कराई जाएंगी, जिन्हें स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और स्थानीय शिल्पकारों को आवंटित किया जाएगा।
आकाशवाणी समाचार, देहरादून

<u>अवकाश घोषित</u>

नैनीताल जिले में लगातार घने कोहरे और शीतलहर को देखते हुए प्रशासन ने एहतियात के तौर पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आज से 9 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

ज़िलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिला कार्यक्रम अधिकारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। आदेश के उल्लंघन या किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।

<u>स्वास्थ्य सुविधाएं</u>

जिला प्रशासन देहरादून के सतत प्रयासों से जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार हो रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल की निगरानी में जिला चिकित्सालय कोरोनेशन में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार तेजी से किया जा रहा है।

जिला चिकित्सालय कोरोनेशन में लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक ब्लड बैंक का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। प्रशासन के अनुसार इसी वित्तीय वर्ष में अस्पताल को अपना ब्लड बैंक मिल जाएगा। इसके शुरू होने से मरीजों और तीमारदारों को रक्त की उपलब्धता के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और आपात स्थितियों में त्वरित उपचार संभव हो सकेगा।

वहीं, मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के तहत स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट–एस.एन.सी.यू की क्षमता दोगुनी कर दी गई है। 12 नवंबर 2024 को छह बेड से शुरू हुई यह यूनिट अब विस्तारित रूप में संचालित हो रही है।

एस.एन.सी.यू शुरू होने के बाद से अब तक 491 से अधिक नवजातों का उपचार किया जा चुका है। जनवरी 2025 से अब तक 440 से अधिक शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं हैं। इसके अलावा जिला

चिकित्सालय में ऑटोमेटेड पार्किंग और आधुनिक कैंटीन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। मरीजों की सुविधा के लिए रक्त लाने–ले जाने हेतु 'रक्त गरुड़' इलेक्ट्रिक वाहन की व्यवस्था भी की गई है।
आकाशवाणी देहरादून के समाचार कक्ष से विनोद पोखरियाल

<u>गंगा रसोई/क्लाउड किचन</u>

हरिद्वार में महिला समूह को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक नई पहल के तहत महिलाओं को क्लाउड किचन का एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीण व्यवसाय इन्क्यूबेटर सेंटर में आयोजित इस प्रशिक्षण का समापन मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित कर किया।

राज्य की रजत जयंती के अवसर पर 25 महिलाओं को यह प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि हरिद्वार प्रदेश का पहला जिला है, जहां महिलाओं को क्लाउड किचन का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अपने घर से ही भोजन तैयार कर उपभोक्ताओं को उपलब्ध करा सकेंगी, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। क्लाउड किचन से जुड़ी महिलाओं की पहचान 'गंगा रसोई' के नाम से की जाएगी।